97 वां वैज्ञानिक बकरी पालन पर सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक 1 दिसंबर 2022 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम मथुरा में 97 वां वैज्ञानिक बकरी पालन पर सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मनीष कुमार चेटली ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण लेने के लिए बधाई दी उन्होंने कहा कि देश में व्यवसायिक बकरी पालन तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बकरी पालन के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित अनुभव साझा किए एवं वैज्ञानिक मंडल और अन्य कर्मचारियों की भूरी -भूरी प्रशंसा की।इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ .वी.रॉय ,प्रसार शिक्षा एवं अर्थशास्त्र के प्रभारी डॉ अनुपम कृष्ण दीक्षित ,किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ खुश्याल सिंह, प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डा वी राजकुमार एवं डा के गुरुराज उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डा रवि रंजन द्वारा किया गया।